# 13 वर्षीय उनैज खान को न्याय दिलाने की मांग



शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** 13 वर्षीय उनैज खान की हत्या के खिलाफ आज लखनऊ के परिवर्तन चौक पर नागरिकों, छात्र संगठनों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने एकत्रित होकर प्रतिरोध दर्ज किया और मामले की निष्पक्ष तथा पारदर्शी जांच की मांग उठाई।

प्रतिरोध में रूपरेखा वर्मा (साझी दुनिया), मधु गर्ग, सरोजिनी बिष्ट और मीना सिंह, कांती मिश्रा (महिला फेडरेशन), ग्रुप कैप्टन दिनेश चंद्र (सेवानिवृत्त) ह्यूमैनिटी एसोसिएशन, फरजाना मेहदी और सुचित माथुर (जन संस्कृति मंच), अहमद रजा खान (छात्र, लखनऊ विश्वविद्यालय), शांतम निधि, शुभम आहाके, नम्रता गौतम, सौन्यजीत भटाचार्य, हर्ष तीर्थानी, सनी सिंह और करुणा निदान तथा दीपांकर सहित कई सामाजिक और छात्र संगठनों के प्रतिनिधि एवं नागरिक शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि एक मासूम बच्चे की इस तरह हुई मृत्यु ने पूरे समाज को झकझोर दिया है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि घटना के बाद जिस प्रकार से जांच की दिशा तय की जा रही है और पुलिस द्वारा बार-बार इसे आकस्मिक गोलीबारीह बताया जा रहा है,

उससे निष्पक्ष जांच को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मुख्य आरोपी संजीव त्रिपाठी की अब तक गिरफ्तारी न होना, फोरेंसिक तथ्यों के स्पष्ट होने से पहले ही घटना को हआकस्मिकह बताना तथा जांच की प्रक्रिया में सामने आ रही कई चूकों ने न्यायिक प्रक्रिया की पारदर्शिता पर संदेह पैदा किया है। उन्होंने कहा कि यदि एक 13 वर्षीय बच्चे की मृत्यु के मामले में भी पूरी जवाबदेही सुनिश्चित नहीं की जाती, तो यह कानून के शासन और नागरिकों के विश्वास दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। प्रतिरोध के दौरान पुलिस आयुक्त को संबोधित एक ज्ञापन भी दिया गया, जिसमें घटना से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए गए। ज्ञापन में पूछा गया कि परिवार को अस्पताल में बच्चे तक पहुंच से क्यों रोका गया, बिना पूरी जांच के घटना को आकस्मिक गोलीबारी क्यों बताया गया, और मुख्य वयस्क आरोपी की गिरफ्तारी अब तक क्यों नहीं की गई। ज्ञापन के माध्यम से नागरिकों और संगठनों ने मांग की कि संजीव त्रिपाठी सहित एफआईआर में नामित सभी वयस्क आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए, पोस्ट-मार्टम और फोरेंसिक रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए, घटना स्थल से जुड़े सभी सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर अदालत में प्रस्तुत किए जाएं, तथा जिन पुलिस अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी मांग की गई कि मामले की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी या विशेष जांच दल (एसआइटी) को सौंपी जाए ताकि पूरी निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। वक्ताओं ने कहा कि एक बच्चे के जीवन की गरिमा और न्याय के प्रश्न पर समाज को चुप नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष केवल उनैज खान के लिए न्याय का प्रश्न नहीं है, बल्कि कानून के शासन और लोकतांत्रिक जवाबदेही की रक्षा का भी प्रश्न है। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक इस मामले में निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित नहीं होती, तब तक नागरिक समाज अपनी आवाज उठाता रहेगा।

# सड़क हादसे में एक की मौत, तीन घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के सुजौली थाना क्षेत्र में मंगलवार रात ट्रैक्टरट्रॉली और बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई,

जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विशुनापुर गांव निवासी अमरेश (20), अमर और सुधांशु के साथ मोटरसाइकिल से मंगलवार रात करीब 9:45 बजे भैसाही गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान गिरिजा. पुरी-सुजौली मार्ग पर जमुनिहा मोड़ के पास उनकी बाइक सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि हादसे में अमरेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अमर और सुधांशु गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सुजौली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। थानाध्यक्ष प्रकाश चंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# यायावर रंगमंडल की ओर से 'नृत्य' नाटक का प्रदर्शन आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यायावर रंगमंडल की ओर से नृत्य नाटक का प्रदर्शन गुरुवार को पुनीत मित्तल की कुशल परिकल्पना और निर्देशन में शाम सात बजे कैसरबाग स्थित राय उमानाथ बली ऑडिटोरियम में किया जाएगा। यह प्रस्तुति 45 दिवसीय डांस थिएटर वर्कशॉप के तहत तैयार की गई है।

यह कार्यशाला मोहम्मद हफीज के निर्देशन में संचालित की गई जबकि आद्या घोषाल क्रिएटिव असिस्टेंट रहीं। मंच पर मछली, हिरण, चील और पानी जैसे पात्र प्रख्रति के विभिन्न रूपों और ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रारंभ में यह सभी अपने-अपने संसार में स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में दिखेंगे वहीं उत्तरोत्तर विभिन्न किरदार परस्पर मिलते और संवाद करते दिखेंगे। इसके परिणाम स्वरूप दर्शकों को कभी सौंदर्य तो कभी परस्पर संघर्ष भी दिखेगा। इन सब के बीच संत. ुलन की खोज दर्शकों को रोमांचित करेगी। इस प्रस्तुति में खासतौर से प्रयुक्त समकालीन हिंदी कविता के अत्यंत विशिष्ट कवि, नरेश सक्सेना की पुस्तक हएक अनाम पत्ती का स्मारकह, के माध्यम से इस कथ्य को बेहद ही नाटकीय और लयात्मक रूप में देखने को सुनहरा अवसर मिलेगा। इसमें इंडियन कंटेंपरेरी गतियों और शारीरिक रंग. मंच की तकनीक के साथ लयात्मक संरचना और मंचीय व्याकरण का सुंदर संगम भी देखने को मिलेगा। भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों और रंगमंच का सुंदर संयोजन न केवल आगंतुकों को आनंदित करेगा बल्कि एआई के ख्रत्रिम दौर में मौलिकता और नवीनता का भी अहसास करवाएगा। जनसंपर्क प्रभारी कीर्ति प्रकाश और पुष्पलता के अनुसार इसमें मंच पर मछली का किरदार प्रेरणा विश्वकर्मा, चील का प्रियम यादव, हिरण का वंशिका शर्मा, जल का विनय गुज्जर, सूत्रधार का पात्र, आद्या घोषाल अदा करेंगी। दूसरी ओर मंच परे प्रकाश परिकल्पना एवं संचालन का दायित्व मोहम्मद हफीज, मंच व्यवस्था का सुश्रुत गुप्ता और गरिमा यादव, संगीत संकलन एवं संचालन का हर्षिता बंसल, वेशभूषा का इब्रा परवीन और रूपसज्जा का दायित्व मनोज वर्मा निभा रहे हैं।

# कैबिनेट के निर्णय में राज्य कर्मचारियों पर कसा शिकंजा

## कर्मचारियों से संबंधित लाभकारी निर्णय किए जा रहे हैं विलंबित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्य की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में अनुमोदित 30 प्रस्तावों में से कर्मचारी आचरण नियमावली में संशोधन से संबंधित प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अवगत कराया है कि सरकार जानबूझकर कर्मचारियों पर लगातार शिकंजा कसती जा रही है।

पहले ही मुख्य सचिव के एक आदेश से 68000 कर्मचारियों का जनवरी से वेतन रोका गया है। अब कर्मचारी आचरण नियमावली में




संशोधन करते हुए दो माह के मूल वेतन से अधिक मूल्य की किसी भी चल संपत्ति, वाहन ,सोना, निवेश की सूचना तत्काल विभाग अध्यक्ष को देने तथा 6 माह के मूल वेतन से ज्यादा शेयर मार्केट में निवेश पर घोषणा करने का बाध्यकारी परिवर्तन किया जा रहा है। जे एन तिवारी ने कहा है कि किसी भी नई चल अचल संपत्ति के क्रय करने तथा प्रत्येक वर्ष अपनी संपत्ति का विवरण उपलब्ध कराने की व्यवस्था आचरण नियमावली में पहले से ही है। इसी व्यवस्था के अंतर्गत प्रवेश के 68000 कर्मचारियों का जनवरी से वेतन रोका गया है, क्योंकि इन कर्मचारियों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया है। जे एन तिवारी ने कहा है कि आचरण नियमावली के वर्तमान संशोधन से कर्मचारियों को अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा बचाने के भी लाले पड़ जाएंगे। लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग में 2011 से मेठ संवर्ग के पदोन्नति से संबंधित नियमावली लंबित है। उच्च शिक्षा विभाग में राज्य विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के लिए कोई नियमावली नहीं है। जे एन तिवारी ने मुख्यमंत्री जी से अनुरोध किया है कि कर्मचारी पर शिकंजा कसते समय यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि कर्मचारियों के हित लाभ से संबंधित निर्णय शासन में लंबित न रहे तथा उन पर समय-समय पर निर्णय लिया जाता रहे। जे एन तिवारी ने अवगत कराया है कि कर्मचारी आचरण नियमावली में संशोधन का प्रभाव प्रदेश के 12 लाख राज्य कर्मचारियों पर सीधा पड़ेगा जबकि उन विभागों में जहां पर विभागीय नियमावली लागू नहीं है उन विभागों के कर्मचारी भी इस संशोधन से प्रभावित होंगे। संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने अवगत कराया है कि मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव कार्मिक एवं शासन के सभी प्रमुख सचिव, अपर मुख्य सचिव कर्मचारी संगठनों के साथ कर्मचारियों की समस्याओं पर वार्ता नहीं कर कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जी का ध्यान बार-बार आकृष्ट करने पर भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

# नेशनल रिसर्च डेवलपमेंट कॉरपोरेशन व एसएस मेडिकल सिस्टम्स के बीच अनुबन्ध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर भारत' के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए नेशनल रिसर्च डेवलपमेंट कॉरपोरेशन और एसएस मेडिकल सिस्टम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने एक रणनीतिक प्रौद्योगिकी व्यवसायीकरण साझे दारी की। इस समझौते पर औपचारिक रूप से कमोडोर अमित रस्तोगी (सेवानिवृत्त), प्रबंध निद. ेशक और डॉ. मोनीश भंडारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसएस मेडिकल सिस्टम्स प्रा. लिमिटेड ने नागरूर लक्ष्मीनारायण, तकनीकी निदेशक और अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। हरित चिकित्सा प्रौद्योगिकी में एक बड़ी सफलता इस साझेदारी के मूल में एसएस मेडिकल के इनोवेटिव माइक्रोवेव- आधारित मोबाइल संक्रमण नियंत्रण सिस्टम को बढ़ावा देना है।

यह तकनीक इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्थान, सोसाइटी फॉर एप्लाइड माइक्रोवेव इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग एंड रिसर्च से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण का परिणाम है। इस सहयोग पर बात करते हुए, एनआरडीसी के सीएमडी, कमोडोर अमित रस्तोगी ने कहा की एनआरडीसी अस्पतालों, क्लीनिकों और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए संक्रामक बायोमेडिकल कचरे के स्टरलाइजेशन हेतु एसएस मेडिकल के पेटेंटेड और पर्यावरण के अनुकूल समाधान का व्यवसायीकरण करने के लिए अपने अखिल भारतीय नेटवर्क का लाभ उठाएगा। एसएस मेडिकल सिस्टम्स के साथ इस साझेदारी के माध्यम से, एनआरडीसी का लक्ष्य स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में उन्नत संक्रमण नियंत्रण समाधानों की तैनाती में तेजी लाना और एक सुरक्षित तथा अधिक मजबूत स्वास्थ्य सेवा ढांचा बनाने के भारत के प्रयासों का समर्थन करना है। इस अवसर पर एसएस मेडिकल सिस्टम्स के अध्यक्ष और प्रबंध निद. ेशक डॉ. मोनीश भंडारी ने कहा कि एसएस मेडिकल में हमारे मूल सिद्धांत हमेशा नवाचार के माध्यम से भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य को मजबूत करने के साथ जुड़े रहे हैं। यह साझेदारी हमें अपनी अत्याधु. निक, माइक्रोवेव-आधारित तकनीकों को देश के हर कोने तक पहुंचाने में सक्षम बनाती है।

# रो रहा है नबी का घराना उठ रहा है जनाजा अली का

## हजरत अली की शहादत की याद में निकला ताबूत का जुलूस



### 'घरों में किया महिलाओं ने मातम'

**हजरत अली (अ.)** की शहादत की याद में जगह-जगह मजलिसों ओ मातम का आयोजन हुआ। हर तरफ से बस एक ही सदां आ रही थी श्हैदर मौला-या अली मौला। जहां आज लोग काले लिबास पहन हुए एक मजलिस से दूसरी मजलिस में शिरकत कर रहे थे। वहीं महिलाओं ने घरों-घरों में नौहाख्वानी व मातम किया। किसी ने यह नौहा पढ़ा श्या मुस्तफा अली के जनाजे पर आइये, अपने वसी का धूम से लाशा उठाइये, बच्चों के सर से बाप का साया भी उठ गया, नुसरत को अब यतीमों की तशरीफ लाइयेष तो कही यह नौहा पढ़कर आंसू बहाये श्रोके देती है जैनब दुहायी, घर से जाती है हैदर की मय्यत, आज हम पर यतीमी है छायी घर से जाती है हैदर की मय्यत इस मौके पर 18 रमजान को लोगों ने अपने घरों में रखे ताबूतों को भी उठाया जिन्हें काजमैन में दफ्न किया गया। हजरत अली की शहादत की याद में कर्बला दियानुतदैला में श्बेटी के घर बाप का पुरसाष शीर्षक से महिलाओं द्वारा आयोजित मजलिस को निगार फातिमा रिजवी ने खिताब किया। मस्जिद मिर्जा जैना महमूद नगर में मौलाना सैयद खुमैनी हैदर उतरौलवी ने मजलिस को खिताब किया।

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** शोर गिरिया है कूफे में बरपा उठ रहा है जनाजा अली का, रो रहा है नबी का घराना उठ रहा है जनाजा अली काश। अमीर-उल-मोमेनीन हजरत अली (अ.स) की शहादत की याद में बुधवार को इमाम के ताबूत का जुलूस रुस्तम नगर स्थित रौजाए शबीह नजफ से निकाला गया जो कर्बला तालकटोरा जाकर समाप्त हुआ। ताबूत को कत्लगाह में बड़ी अकीदत के साथ या अली मौला-हैदर मौला की सदाओं के बीच दफ्न किया गया।

इसी के साथ हजरत अली की शहादत की याद में तीन दिन से चल रहा गम का सिलसिला खत्म हुआ। जुलूस के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतिजाम किये गये थे। 19वीं रमजान को जब हजरत अली नमाज पढ़ने के दौरान सजदे में थे तो अब्दुर्रहमान इब्ने मुल्जिम ने उनके सर पर जहर से बुझी तलवार से वार किया था। जिससे वह जख्मी हो गये थे और 21वीं रमजान को उनकी शहादत हो गई थी।।शबीहे नजफ में मौलाना यासूब अब्बास ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस के बाद महिलाओं ने ताबूत को पुरुषों को सौप दिया। ताबूत बाहर आते ही अजादारों में कोहराम मच गया, पूरा माहोल गमगीन हो गया। हर आंख आंसुओं से लबरेज थी, कोई सर पीट रहा था तो कोई सीना। जुलूस में हजरत अब्बास के अलम भी थे। ताबूत निकलने के रास्तों पर अजादार पहले से ही बड़ी संख्या में जियारत के लिए खड़े थे। ताबूत कहा पहुंचा इसकी फिक्र सबको थी। ताबूत आते ही हर आंख अश्क. बार हो जाती थी लोग अपने हाथ जोड़कर अपने मौला से गिरया कर रहे थे।

ताबूत आगे निकलता अकीद. तमंद ताबूत के पीछे चल पड़ते थे। यह सिलसिला पूरे रास्ते चलता रहा। ताबूत में एक लाख से अधिक लोगों का हुजूम था जिसमें पुरूष, महिलाएं व बच्चे शामिल नंगे पैर बड़ी अकीदत के साथ इमाम की शहादत के गम में आंसू बहाते चल रहे थे। जुलूस में शामिल अजादर रोजा होने के बावजूद अपने मौला के ताबूत को चूमने व कंधा देने के लिए बेकरार थे।जुलूस छोटे साहब आलम रोड, कर्बला दियानुतदौला, काजमैन, मंसूर नगर तिराहा, गिरधारी सिंह इंटर कालेज, संजी. वनी अस्पताल से दाहिने मुड़कर हैदरगंज पहुंचा। जहां आयोजकों ने परम्परा के मुताबिक कुएं के पास कुछ पलों के लिए ताबूत को रोक. कर काली चादर चढ़ायी और फिर ताबूत कर्बला पहुंचा। ताबूत दफ्न होते ही हैदर मौला या अली मौला की सदाएं गूंजने लगी। लोगों ने दिनभर कर्बला तालकटोरा पहुंचकर हजरत अली की तुरबत पर फातेहा पढ़ा।

# मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की उमडी भारी भीड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बांगरमऊ (उन्नाव)।** शीतला अष्टमी के पावन अवसर पर नगर के पश्चिमी छोर पर स्थित मां शीतला देवी मंदिर में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर मंदिर में मां शीतला देवी का भव्य श्रृंगार किया गया। जिसे देखकर भक्तगण भाव-विभोर हो उठे।

महिलाओं ने पूरे विधि-विधान के साथ माता का पूजन-अर्चन कर परिवार की सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। शीतला अष्टमी के पर्व को लेकर नगर में विशेष उत्साह दिखाई दिया। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रामजी गुप्ता, समाजसेवी आकाश निषाद, चौधरी आशीष सिंह 'गोलू', भाजपा नेता बाला राव गुप्ता और विवेक पटेल सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शिविर लगाकर श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरित किया। मंदिर पहुंचे भक्तों ने मां शीतला देवी के जयकारों के साथ पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार और पूर्व मंत्री चौधरी अशोक कुमार सिंह 'बेबी' आदित्य तिवारी , अंकित शुक्ला, गौरी शंकर, दीपक निषाद, शेखर कुशवाहा, मनोज यादव, अंश अवस्थी, रिंकू निषाद व सुभाष राजपूत सहित कई गणमान्य लोग भी मंदिर पहुंचे और माता के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के प्रमुख पुजारी बलराम यादव ने सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि शीतला अष्टमी के दिन मां शीतला की पूजा करने से रोग-दोष दूर होते हैं और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति, सेवा और श्रद्धा का माहौल बना रहा। आयोजन में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विनीत कटियार , सदस्य रामजी गुप्ता , विजय गुप्ता व ओम नारायण श्रीवास्तव आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## लखीमपुर खीरी में अवैध पिस्तौल के साथ लेखपाल गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में पुलिस ने मंगलवार की रात लेखपाल शशांक को 32 बोर की अवैध पिस्तौल और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। भ्रष्टाचार और दबंगई के आरोपों में पहले से चर्चित शशांक को थाना शारदानगर पुलिस ने गिरफ्तार किया। शारदा नगर के उप निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि मंगलवार की देर रात सूचना मिलने पर आरोपी को घेरा गया, लेकिन पुलिस देखकर वह लखीमपुर की तरफ भागा जिसको पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा । आरोपी ने बताया कि अवैध असलहा उसने अपनी सुरक्षा के लिए किसी अज्ञात व्यक्ति से खरीदा था । पुलिस एफआईआर दर्ज अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# नो स्मोकिंग डे, तंबाकू छोड़ने की दिलाई गई शपथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत नो स्मोकिंग डे के अवसर पर सीएमओ कार्यालय सभागार में जागरूकता कार्यक्रम एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने की।

इस दौरान उपस्थित अधिका. रियों और कर्मचारियों को तंबाकू सेवन न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि धूम्रपान निषेध दिवस की शुरुआत वर्ष 1984 में मार्च के दूसरे बुधवार को की गई थी, जिसका उद्देश्य लोगों को धूम्रपान के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि भारत में धूम्रपान और तंबाकू सेवन के कारण हर वर्ष लगभग 13 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। इसके साथ ही सेकेंड हैंड स्मोक यानी दूसरों के धूम्रपान के धुएं से भी लगभग 10 लाख लोगों की मृत्यु होती है। उन्होंने कहा कि एक सिगरेट पीने से व्यक्ति अपने जीवन के 5 से 20 मिनट तक कम कर लेता है।

तंबाकू सेवन से 10 से अधिक प्रकार के कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, फेफड़ों की बीमारियां और अस्थमा जैसी गंभीर बीमारियां होती हैं। धूम्रपान करने वाले लोग सामान्य लोगों की तुलना में औसतन 10 वर्ष पहले मृत्यु का शिकार हो जाते हैं। सीएमओ ने बताया कि चिंताजनक बात यह है कि 13 से 15 वर्ष के लगभग 8 प्रतिशत बच्चे तंबाकू का उपयोग करते पाए गए हैं और युवाओं में इसका चलन तेजी से बढ़ रहा है। इसलिए समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में बताना बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके माध्यम से लोगों को तंबाकू से होने वाली बीमारियों और इससे बचाव के तरीकों की जानकारी दी जाती है। डिप्टी सीएमओ डॉ. धनीराम ने कहा कि तंबाकू का सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए सभी लोगों को तंबाकू से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए। एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. पूनम ने बताया कि तंबाकू सेवन से कैंसर, हृदय रोग और श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते लोग तंबाकू छोड़ दें तो कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा, एसीएमओ डॉ. आरएम गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ. लालजी पासी, डॉ. राकेश गुप्ता, जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर, डैम सतपाल सिंह, एनसीडी सेल से विजय वर्मा, देवनंदन श्रीवास्तव, अभिषेक कश्यप, अनुज श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मौलाना आजाद अकादमी में बालिका शिक्षा पर नुक्कड़ नाटक किए प्रस्तुत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर विश्विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन औरंगाबाद खालसा/जागीर क्षेत्र में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने बालिका शिक्षा और उनके अधिक. ारों के विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसके माध्यम से क्षेत्र के लोगों को बेटियों की शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के बाद स्वयंसेवकों ने औरंगाबाद खालसा, लखनऊ स्थित मौलाना आजाद मेमोरियल अकादमी के पुस्तकालय का भ्रमण किया। इस अवसर पर अकादमी के महासचिव डॉ. अब्दुल कुद्दूस हाशमी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अकादमी की 50 वर्षों की कार्यप्रणाली और उपलब्धियों से परिचित कराया तथा देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना आजाद के जीवन, उनके विचारों और भारतीय शिक्षा व्यवस्था में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसी क्रम में स्टेट तकमील-उत-तिब कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. साफिया लोखंडे ने स्वयंसेवकों को आयुष चिकित्सा प्रणाली के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद, योग और यूनानी जैसी पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियां आज भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और इनकी उपयोगिता लगातार बढ़ रही है। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों ने एक ओल्ड एज होम में रह रहे बुजुर्गों को आवश्यक और उपयोगी सामग्री भी वितरित की। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पवन कुमार चौरसिया, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्पित शैलेश, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. मीना विश्वेश्वर, डॉ. भीम सोनकर सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# प्रयागराज में पर्यटन दृष्टि से स्पिरिचुअल ट्रायंगल को बनाएंगे सशक्तः जयवीर सिंह

### दो प्रमुख मंदिरों के पर्यटन विकास पर खर्च होंगे 3.46 करोड़ रुपये

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में पर्यटन विभाग ने प्रयागराज में दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को जमीन पर उतारने की तैयारी कर ली है।

करछना स्थित फलाहिरी बाबा मंदिर और सोरांव तहसील के दुर्गा मंदिर देवी धाम पचदेवा के पर्यटन विकास व सौंदर्यीकरण के लिए 3. 46 करोड़ रुपए से अधिक की धन. राशि खर्च की जाएगी। इससे इन आस्था केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया



जा सकेगा और श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव मिल सकेगा। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्तीर्थ नगरी प्रयागराज श्रद्धालुओं और देश-विदेश से आने वाले सैलानियों के लिए बड़ा आकर्षण का केंद्र है। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग लोकप्रिय तीर्थस्थलों के साथ-साथ कम प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के समग्र विकास पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। इसी कड़ी में करछना स्थित फलाहिरी बाबा मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 1.64 करोड़ रुपए से अधिक तथा सोरांव तहसील के दुर्गा मंदिर, देवी धाम पचदेवा के सौंदर्यीकरण और पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए लगभग 1.82 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीख्रत की गई है। फलाहिरी बाबा मंदिर विकास के लिए 40 लाख रुपए और सोरांव तहसील स्थित दुर्गा मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 45 लाख रुपए की पहली किस्त जारी कर दी गई है। इस परियोजना के तहत मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इनके अलावा, आधु. निक लाइटिंग, भव्य प्रवेश द्वार, श्रद्धालुओं के लिए यात्री शेड, स्टाम्प फ्लोरिंग युक्त मार्ग, बैठने हेतु बेंच, स्वच्छ शौचालय, पेयजल की व्यवस्था, डस्टबिन, साइनेज और म्यूरल आर्ट जैसे कार्य कराए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्तीर्थ नगरी प्रयागराज धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर विशिष्ट पहचान बना चुका है। संगम नगरी सदियों से आस्था और सांस्ख्रतिक चेतना का प्रमुख केंद्र रही है। यह क्षेत्र स्पिरिचुअल ट्रायंगल (प्रयागराज- अयोध्या- काशी) का अभिन्न अंग है। विभागीय प्रयास है कि लोकप्रिय के साथ अल्पज्ञात या कम चर्चित स्थलों के समग्र विकास भी सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में करीब 69 करोड़ आगंतुकों ने जनपद का भ्रमण किया। माघ मेला-2026 के भव्य आयोजन में भी करीब 21 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का आगमन जिले के बढ़ते पर्यटन परिख्रश्य का सकारात्मक चित्र प्रस्तुत करता है।

# एलपीजी सिलेंडर को लेकर उपभोक्ता हलाकाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिन लोगों ने एलपीजी सिलिंडर के दाम बढ़ने वाली तारीख यानी सात मार्च से एक या दो दिन पहले बुकिंग करवा ली थी, उन्हें बढ़े हुए दाम का संशोधित बिल तो मोबाइल पर मिल गया, लेकिन सिलिंडर की डिलीवरी आसानी से नहीं हो पा रही है। वो भी एजेंसियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

जिन घरों में शादियां या अन्य कार्यक्रम हैं उनके परिजन, रेस्टोरेंट व होटल संचालक सिलिंडर के लिए परेशान हैं। वहीं, गैस एजेंसी संचाल. कों के मुताबिक प्लांट से ही सिलिंडर की कम सप्लाई हो रही है। नए नियमों के मुताबिक, घरेलू उपभोक्ताओं को सिलिंडर की सप्लाई में प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जबकि व्यावसायिक सिलिंडर बहुत कम उपलब्ध कराए जा रहे हैं। नए नियम के तहत 25 दिन बाद ही दूसरा सिलेंडर उपलब्ध हो सकेगा। झूंसी के त्रिवेणीपुरम स्थित गैस प्लांट से प्रयागराज समेत 11 जिलों में गैस सिलिंडर की आपूर्ति होती है। शहर व आसपास की 289 एजेंसियों में सिलिंडर की आपूर्ति यहीं से होती है। 100-110 ट्रकों से 35000 गैस सिलिंडर की रिफिलिंग कर प्रतापगढ़, मिर्जापुर, सोनभद्र, जौनपुर, भदोही, एमपी, चित्रकूट और प्रयागराज समेत 11 शहरों में सप्लाई की जाती है। झूंसी गैस प्लांट के मैनेजर राजेश जौहरी ने बताया कि पटना, दुर्गापुर, मुजफरपुर और मथुरा से टैंकर रोजाना आता है। एक दिन में 32 से 40 टैंकर खाली किया जाता है। 280 टन एलपीजी प्लांट के स्टोरेज टैंक में डाला जाता है। अभी तक एलपीजी को लेकर किसी तरह की समस्या नहीं है। हालांकि, जंग लंबी खिंची तो आने वाले दिनों में दिक्कत हो सकती है। पश्चिम एशिया के हालात के मद्देनजर पेट्रोल-डीजल व एलपीजी सिलिंडर की सुलभ उपलब्धता बनाए रखने के लिए आपूर्ति विभाग ने तीन टीम गठित की हैं। ये टीम जमाखोरी आदि पर निगरानी रखेंगी और शिकायत पर कार्रवाई करेंगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने टीम को निर्देश दिए हैं कि होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, गैस एजेंसियों के गोदामों आदि में छापा व जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। टीम में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षकों, पेट्रोलियम कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर, बाटमाप निरीक्षक को शामिल किया गया है। दो में सात-सात व एक टीम में आठ सदस्य हैं। रसोई गैस सिलिंडर की कालाबाजारी भी शुरू हो गई है। अश्वनलाइन बुकिंग में तकनीकी गड़बड़ी के कारण उपभोक्ताओं को महंगे दामों पर सिलिंडर खरीदने पड़ रहे हैं। जिला पूर्ति अधिकारी की अध्यक्षता में आईओसीएल, बीपीसीएल व एचपीसीएल द्धएलपीजीऋ विपणन/आपूर्ति शाखा के सभी क्षेत्रीय बिक्री अधिकारियों के साथ बैठक की गई।

# शिक्षको ने टीईटी के विरोध में शुरू किया पोस्टकार्ड अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ ( उन्नाव )।** क्षेत्र के नसिरापुर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र से अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक संघ के अनुरोध पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में आधा सैकड़ा शिक्षको ने टीईटी के विरोध में पोस्टकार्ड अभियान शुरू किया। शिक्षकों ने राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष को संबोधित करते हुए पोस्टकार्ड भेजे।इन पोस्टकार्डो के माध्यम से टीईटी मुक्त करने की मांग की गई।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने बताया कि शिक्षा विभाग में टीईटी वर्ष 2010 में लागू हुआ था इससे पहले नियुक्त हुए शिक्षकों की भर्ती उस समय की निर्धारित योग्यता के आधार पर हुई थी इसलिए उन्हें टीईटी से मुक्त किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन इसका पुरजा. ेर विरोध करता है।

इस अभियान में जिला संगठन मंत्री बृजेंद्र कुमार, अटेवा ब्लॉक संयोजक महेंद्र सिंह,करन सिंह संजय कुमार , इरशाद अली, निजाम अहमद, देवेंद्र प्रताप सिंह, खालिद रशीद, ठाकुर प्रसाद, राजकुमार द्विवेदी, अनुज विश्वकर्मा, आलोक कुमार, सेविना दीक्षित, अर्चना गौतम, आरती शुक्ला, सीमा, कविता, शिवम सिंह, अंकित बाजपेई, अरविंद कुमार, अब्दुल कवि, अवधेश यादव, अर्चना देवी, रचना गुप्ता, अनिल सिंह सहित आधा सैकड़ा शिक्षक उपस्थित रहे।

# शबीहे नजफ में नम आंखों से कर रहे है ताबूत की जियारत अजादार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** रौजा-ए-शबीह नजफ रूस्तमनगर में सजे हजरत अली (अ.स.) के ताबूत की जियारत करने वालों का मंगलवार को तांता लगा रहा। इस गम के मौके पर जहां मजलिस व मातम का दौर जारी रहा, वहीं इमाम के ताबूत की जियारत भी कराई गई।

पुराने शहर में मोहर्रम जैसा माहौल बना हुआ है। हर तरफ से मातम की सदाएं आ रही है। अजादार काले लिबास पहने एक मजलिस से दूसरी मजलिस में शिर. कत करके इमाम का गम मना रहे हैं। जगह-जगह काले झंडे लगे हैं। इमाम (अ.स.) की शहादत की याद में कल रौजाए शबीह नजफ में ताबूत सजाया गया था। जिसमें कल रात भर पुरूषों ने वहां पहुंच कर अपने मौला की याद में मजलिस व मातम कर अपने गम का इजहार किया। आज ताबूत की जियारत करने के लिए महिलाओं का दिन था दूर-दूर से हजारों महिलाओं ने आकर ताबूत में शिरकत की व नौहे पढ़कर नजाराने अकीदत पेश की। ज्ञात हो कि 19वीं रमजान से शिया हजरत अली (अ.स.) की शहादत के गम में डूबे हुए है, जिसे शबें कहते है। रोजेदारों ने इमाम (अ.स. ) की शहादत के गम में रोजा खोलने वाले तमाम लजीज खानों को त्याग दिया है, वहीं काले लिबास पहने अजादार जिसमें पुरूषों के साथ-साथ महिलाएं व बच्चे भी शामिल है, सभी नजफ में ताबूत की जियारत करने दूर-दूर से आ रहे है। रौजे पर हजारों की तादाद में फूलों व कपड़ों की चादरें चढ़ रही है रौजे पर बैठे व्यक्ति अजादारों को नाड़ा (कलावा) ताबूत से मस (स्पर्श) करके दे रहे है जो लोग अकीदत के साथ अपने गले व हाथ में पहन रहे है।

सुबह से देर रात तक चला मजलिसों को सिलसिला हजरत अली की शहादत के सिलसिले में रौजाए नजफ व मस्जिद अबुतालिब रेजीडेंसी में मौलाना कल्बे जव्वाद ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि मौलाना ने कहा कि हजरत अली इंसाफ व मोहब्बत के पैकर थे और आला किरदार के मिसाली इंसान थे। नजफ में मुत्तकी जैदी ने 'सुबह वसीयत' शीर्षक से मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा अबुतालिब हसनपुरिया में मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद ने खिताब किया। मजलिस के बाद ताबूत उठाया,जो रौजाए फातमैन ले गये।

इमामबाड़ा लाडो खानम नक्खास में मौलाना अबुतालिब मेहदी ने मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा अखतर हुसैन हसन पुरिया में मजलिस को मौलाना गुलरेज नकी ने खिताब किया। इसके बाद ताबूत की जियारत कराई गई। अब्बासिया मस्जिद हसन पुरिया में मौलाना जमन हैदर जैदपुरी ने मजलिस को खिताब किया।

## संक्षिप्त समाचार

### संत कबीरनगर को आईजीआरएस और मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में प्रदेश में मिला पहला व पांचवां स्थान

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में जनपद संतकबीरनगर पुलिस ने एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) और मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की नवीनतम रैंकिंग में उत्तर प्रदेश में क्रमशः पहला और पांचवा स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मियों के उत्साहवर्धन के लिए पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने आईजीआरएस सेल/सीएम डैशबोर्ड में तैनात प्रभारी उप निरीक रजनीश राय, उ-नि- ब्रजेश सिंह तथा उनकी टीम के सदस्यों हेड कांस्टेबल आदर्श श्रीवास्तव, कां- विकास यादव, कां- धनंजय शर्मा, कां- लल्लन पाल तथा हे-कां- धृष्टद्युम्न सिंह, कां- चन्दन कुमार साहनी (सीएम डैशबोर्ड) को उनकी कार्यकुशलता, समयबद्धता और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए व्यक्तिगत रूप से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। एसपी ने बताया कि जन शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित करना और फीडबैक में जनता की संतुष्टि प्राप्त करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसे इस टीम ने अपनी मेहनत से संभव कर दिखाया। श्री मीना ने सभी पुलिसकर्मियों के समर्पण की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में भी इसी ऊर्जा के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि ष्यह उपलब्धि पूरी टीम की सामूहिक मेहनत और जनसेवा के प्रति उनके अटूट समर्पण का परिणाम है। हमारा लक्ष्य न केवल रैंकिंग में शीर्ष पर बने रहना है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि जिले का हर पीड़ित व्यक्ति न्याय से संतुष्ट होकर लौटे।ष पुलिस अधीक्षक IGRS सेल ने शिकायतों के निस्तारण में न केवल गति (Speed) का ध्यान रखा, बल्कि गुणवत्ता (फनंसपजल) मानकों पर भी खरा उतरते हुए डिफॉल्टर की संख्या को शून्य पर बनाए रखा। जनपद की इस उपलब्धि से पुलिस विभाग के साथ-साथ आम जनमानस में भी हर्ष व्याप्त है।

### डा. स्वाति अघोरी ने आशुतोष ब्रह्मचारी को दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी को डॉ स्वाति अघोरी ने अपने फेसबुक अकाउंट के जरिए आशुतोष ब्रह्मचारी को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। डा. अघोरी ने फेसबुक पर लिखा कि आशुतोष सूचना प्रौद्योगी (आईटी) की धारा 2000 की धारा 66 डी और 67 ए के तहत कार्रवाई के तौयार हो जाओ। तुमने हमें मुकुंदानंद गिरी की गर्लफ्रेंड बोला है। अब आमना-सामना होगा धर्म की जय या अधर्म का नाश होगा। दरअसल रविवार मार्च को स्वाति अघोरी ने आशुतोष महाराज पर रीवा एक्सप्रेस ट्रेन में हमले के बाद फेसबुक पर पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने लिखा था की आशुतोष ब्रह्मचारी पर जो हमला हुआ उसमें वह बच गया,भगोड़ा ट्रेन के शौचालय में घुस गया। इसी के बाद आशुतोष ब्रह्मचारी ने यह आरोप लगाया था कि डॉक्टर स्वाति अघोरी का संबंध स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद कैंप से है। बाद में डॉ स्वाति अघोरी को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्य मुकुंदानंद गिरी का गर्लफ्रेंड भी बताया था। आशुतोष ब्रह्मचारी के इसी बयान पर अब डॉक्टर स्वाति अघोरी ने आईटी एक्ट 2000 की धारा 66 डी और 67 ए के तहत कार्यवाही की चेतावनी दे रही है। डॉ स्वाति अघोरी के फेसबुक प्रोफाइल के मुताबिक उन्होंने खुद को डिजिटल क्रिएटर बताया है। फेसबुक में लोकेशन गंगोत्री की है, जबकि कामाख्या मंदिर मां कामाख्या शक्तिपीठ से जुड़ा दर्शाया है,डॉ स्वाति अघोरी ने फेसबुक पर अपनी प्रोफाइल में खुद को अघोरी साधक, प्रवक्ता- वेद, पुराण, उपनिषद और काल भैरव युवा वाहिनी राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगोत्री भारत लिखा है, डॉ स्वाति अघोरी के फेसबुक पर ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती की तस्वीर भी लगी हुई है।

### ढाई हजार करोड़ से अधिक का कालीन समुद्री रास्ते में फंसा

**भदोही।** ट्रम्प टैरिफ के बाद पश्चिम एशिया जारी युद्ध का व्यापक असर कालीन कारोबार पर देखा जा रहा है। जंग के कारण हार्मुज स्टेट बाधित होने से माल वाहक समुद्री जहाज जहां-तहां फंसे होने के कारण लगभग ढाई हजार करोड़ का कालीन रास्ते में फंसा हुआ है। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद (सीईपीसी) के उपाध्यक्ष असलम महबूब ने बुधवार को यहां बताया कि अमेरिकी टैरिफ से उबरने के बाद कालीन उद्योग ने थोड़ी राहत की श्वास लिया ही था, कि खाड़ी में उथल-पुथल शुरू हो गया। अमे. रिका-इजरायल और ईरान के बीच खाड़ी देशों में इन दिनों बारूदी बवंडर उठा हुआ है, जिससे हार्मुज स्टेट से माल वाहक पोतों की आवाजाही लगभग पूरी तरह से ठप हो गई है। युद्ध के कारण कालीनों के कंटेनर भरे जहाज रास्ते में जगह-जगह फंसे हुए हैं। खाड़ी में मचे घमासान के कारण वैश्विक बाजार में व्यवसायिक अनिश्चितता जैसी स्थिति उत्पन्न होने के कारण वैसे भी निर्यात आर्डर लगभग शून्य जैसे स्टेज में पहुंच गया है। वहीं हार्मुज स्टेट से जहाजों का आवागमन अवरू( होने ढाई हजार करोड़ से अधिक का कालीन रास्ते में फंसा हुआ है। उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2025 में कारपेट सिटी भदोही के कालीन मेगा मार्ट में संपन्न हुए कालीन एक्सपो में मिले निर्यात आर्डर की भरपाई में कालीन कारोबारी युद्ध स्तर पर जुटे थे। इसी बीच हार्मुज स्टेट का व्यवसाईक रूट बाधित होने से विदेशी बाजार में भेजा गया कालीन जगह-जगह डंप हो गया है। उन्होंने आशंका जताई कि युद्ध का दायरा बढ़ा अथवा लंबा खिचा तो इसका असर आगामी माह अप्रैल 2026 में नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 50वें अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेले पर पड़ना तय है।

# घरेलू रसोई गैस की कोई किल्लत नहीं, 25 दिन बाद ही पंजीकृत नंबर से ऑनलाइन बुकिंग करें: सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में जिला आपूर्ति अधिकारी के-बी- सिंह ने बुधवार को कहा कि लोगों से रसोई गैस को लेकर घबराने की आवश्यकत नहीं है। उन्होंने गैस सिलेंडर की आपूर्ति के 25 दिन बाद ही लोग ऑनलाइन बुकिंग करें। सही समय पर घरों तक सिलेंडर पहुंच जाएगा।



अनावश्यक कॉल करने से बचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से बुकिंग की जाती है, उसमें सिस्टम द्वारा चेक लगा होता है। 25 दिन पूरा होने पर ही अगली बुकिंग स्वीकार की जाएगी। उपभोक्ता यह समझ लें कि डिलीवरी के ठीक 25 दिन बाद ही ऑनलाइन बुकिंग संभव होगी। एजेंसी पर अब बुकिंग नहीं हो सकेगी। वाराणसी में घरेलू सिलेंडर की कोई समस्या नहीं है। समस्या तब बढ़ेगी, जब लोग एक्स्ट्रा (अतिरिक्त) सिलेंडर की मांग करने लगेंगे। वर्तमान में कॉमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति काफी प्रतिबंधित है और बहुत सीमित मात्र में ही आ रही है।

श्री सिंह ने बताया कि वाराणसी में घरेलू उपभोक्ता लगभग 10 लाख 36 हजार के आसपास हैं, जबकि कॉमर्शियल उपभोक्ता करीब 5,200 हैं। उन्होंने कहा कि सर्वर में कभी-कभी समस्या आ रही है, जिससे लोगों को असुविधा हो रही है। बहुत अधिक लोग एक साथ कॉल कर रहे हैं, इसलिए बुकिंग में दिक्कत आ रही है। शाम के समय आसानी से बुकिंग हो जाती है।

# ग्रामीणों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ ( उन्नाव )।** क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर रूरी में संचालित विशम्भर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय, मे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-शक्ति' के सात दिवसीय कैम्प के पंचम दिवस के अवसर पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों तथा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

चिकित्सा शिविर में चिकित्सक टीम के सदस्य डॉ. शुभम सिंह एवं प्रफुल्ल पाल लैब टेक्निसियन ने स्वयंसेवकों एवं आसपास के ग्रामीणों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए रक्तचाप, शुगर, वजन आदि की जांच की। साथ ही चिकित्सकों ने लोगों को संतुलित आहार, स्वच्छ जीवनशैली, नियमित व्यायाम तथा साफ-सफाई के महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कई लोगों को आवश्यक दवाइयों के संबंध में परामर्श भी दिया गया। कार्यक्रम संयोजक अमित कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं में सेवा, सहयोग और सामा. जिक उत्तरदायित्व की भावना विक. सित करना है। चिकित्सा शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने किया गो-प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध अभियान का शंखनाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बुधवार को लखनऊ के रमाबाई स्थल से शीतला अष्टमी पर गो-प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध अभियान का औपचारिक शंखनाद किया। इस मौके पर अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि वह किसी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध के लिए लखनऊ नहीं आए हैं, बल्कि गौ माता की रक्षा के लिए आंदोलन का शंखनाद करने जा रहे हैं।

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि जब विदेशी और अंग्रेज भारत में शासन करने आए तो उन्होंने गोमाता को पशुओं की सूची में डाल दिया। स्वतंत्रता के बाद भी कई सरकारें आईं, लेकिन किसी ने भी गोहत्या बंद कराने के अपने वादे को पूरी तरह नहीं निभाया।

हमने भी गौ माता की रक्षा की उम्मीद में इस भगवा सरकार को वोट दिया था। शंकराचार्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बिना कहा कि जब प्रदेश की गद्दी पर एक गेरुआधारी योगी, यती और सन्यासी बैठा तो हमें लगा कि अब गो माता की रक्षा अवश्य होगी। लेकिन, अब उसी गेरुआ राज में पुलिस सनातन धर्म के प्रतीकों पर प्रहार कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा था कि हमारे समाज में कई कालनेमि आए हैं। कालनेमि एक राक्षस था। वह साधु के कपड़े पहनकर हनुमानजी के सामने गया था। इसका मतलब है अंदर से कुछ और हो, बाहर से कुछ और दिखाई दे। आपके राज में गायों की संख्या कम हो रही है। गो हत्यारे से चंदा आपकी पार्टी ले रही है। आपका काम तो राक्षसों जैसा दिखाई दे रहा है और कपडे संन्यासियों जैसे। कहीं आप ही तो कालनेमि नहीं हो। स्थान किराया और अन्य शुल्क आयोजकों द्वारा देने की शर्त पर शंकराचार्य ने कहा कि मुगल शासन में भी हम जजिया कर देकर अपने धर्म का पालन करते थे। आज भी यदि धर्म के कार्य के लिए जजिया देना पड़े, तो हम वह भी देंगे। उन्होंने कहा कि हिदू और गौभक्त हर दल में हैं और जो भी व्यक्ति गौ-रक्षा के लिए आगे आना चाहता है, उसका स्वागत है।

# महिला ने नए यमुना ब्रिज से छलांग लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** त्तर प्रदेश के प्रयागराज के नए यमुना ब्रिज से 35 वर्षीय महिला ने बुधवार को छलांग लगा ली।

राहगीरों ने इस घटना की सूचना तत्काल पुलिस की दी और मौक पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से महिला को बाहर निक. ाला और उपचार के लिए अस्पताल लेकर गई,

जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला को एस आर एन हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है।महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया गया है। मृतक महिला की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस यह पता लगाने की को. शिश कर रही है, वह कहां की रहने वाली है और नए यमुना ब्रिज पर कैसे पहुंची। इस सिलसिले में कीडगंज थाना की पुलिस मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

# यूपी डब्ल्यूजेयू ने की पी एफ की न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि वह शीघ्र ही केंद्रीय श्रम मंत्री से भेंट कर पत्रकारों सहित निजी क्षेत्र के सभी अवकाश प्राप्त कर्मचारियों को भविष्य निधि संगठन (पीएफ) से मिल रही मासिक 1000 न्यूनतम पेंशन को बढ़ाकर 5000 करने की मांग पर बल देंगे।

यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज केंद्रीय श्रम मंत्री को संबोधित संबंधित ज्ञापन श्री अनिल राजभर को दिया। यह प्रस्ताव यूनियन के अयोध्या में आयोजित प्रादेशिक सम्मेलन में पारित किया गया था।

प्रतिनिधि मंडल में यूनियन के प्रादेशिक महामंत्री देवराज सिंह लखनऊ इकाई के अध्यक्ष शिवशरण सिंह, अब्दुल हसनैन ताहिर, अशीष कुमार सिंह शामिल थे। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने बताया घ1000 न्यूनातम पेंशन का निर्धारण करीब डेढ़ दशक पूर्व हुआ था।

### लखीमपुर खीरी में बंदरों का आतंक, स्कूल के बच्चों पर हमला

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में इन दिनों बंद. रों के आतंक से लोग परेशान है। शहर के बहादुर नगर मोहल्ले में स्थित विद्यालय के गेट पर बच्चों पर बंदरों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आज स्कूल के आसपास पहुंचे दर्जनों बंदरों ने बच्चों को घेर लिया । जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। स्कूल प्रशासन और स्थानीय लोगों की सूझबूझ से बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया और एक बड़ी घटना टल गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजाना सैकड़ों की संख्या में खतरनाक बंदरों का झुंड शहर के कई रिहायशी मोहल्लों में पहुंच जाता है और लोगों पर हमला कर देता है।

# शक्तिपीठ शीतला धाम कड़ा में गंदर्भ मेला का हुआ समापन

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में शक्तिपीठ शीतला धाम कड़ा के कुबरी गंगा घाट में आज अद्भुत गंगास्नान का दृश्य लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बार स्नान मनुष्यों का नहीं, गर्दभों की वजह से चर्चा में है।

दूरस्थ भागों से गर्दभ कड़ा धाम आए और गंगा में डुबकी लगाया तथा सजकर रंग-बिरंगे गंदर्भ मालि. कों के हाथों बिकने के लिए मेला में चले गए। मेला में व्यापारियों के हाथ बिक गए और फिर अपने गंतव्य को प्रस्थान कर गए। देश की 51 शक्तिपीठों में शामिल शीतला देवीधाम कड़ा में अनादिकाल से आयोजित होने वाला गर्दभ मेला बुधवार 11 मार्च को संपन्न हो गया। यह ऐतिहासिक गर्दभ मेला शीतला देवी मंदिर के पास तीन किलोमीटर परिधि में लगता है। मेला की धार्मिक महत्व के संबंध में बताया जाता है कि शीतला देवी का उद्भव चैत्र कृष्ण की सप्तमी को हुआथा। इसके साथ ही गधा मां शीतला देवी की सवारी है। इसलिए प्रतिवर्ष चैत्र कृष्ण पक्ष की सप्तमी और अष्टमी तिथि को कड़ा धाम में विशाल गधा मेला आयोजित होता है। इस मेले में धोबी समुदाय के अलावा व्यापारी दूर-दूर से अपने गधा, खच्चर देसी घोड़ा घोड़ी लेकर क्रय विक्रय के लिए आते हैं। पुरानी मान्यता है कि इस मेले से खरीदें गए गधा, खच्चर और जानवर बहुत ही फली भूत होते हैं। मेले में कौशांबी के अलावा चित्रकूट बांदा फतेहपुर प्रयागराज कानपुर प्रतापगढ़ उन्नाव रायबरेली आदि जिलों से लोग खरीद फरोख्त के लिए आते हैं। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर ,पंजाब, हरियाणा, दिल्ली से व्यापारी यहां गधा और खच्चर की खरीदारी के लिए आते हैं। जम्मू कश्मीर के व्यापारी यहां के खच्चर को बहुत पसंद करते है। उनका कहना है कि वैष्णो देवी यात्र के लिए यात्रियों की सवारी केलिए बहुत ही मुफीद हैं।

सूचना

प्रयागराज ( इलाहाबाद ) में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-

अशवनी कुमार श्रीवास्तव

( प्रयागराज जोन प्रभारी/जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )

मो. 9415351850

कार्यालय पताः- 99 ए/1, अशोक नगर ( नवादा ), प्रयागराज

email-shahtimesprayagrajjashwani@gmail.com

























# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

## मंढ़े की दावत खाकर लौटते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। लग्न में मंढें की दावत खाकर आ रहे बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मंगलवार की देर रात गये आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव शब्दलपुर की मढ़ेया निवासी टीटू पुत्र केहर सिंह गांव के सनी पुत्र बृजपाल सिंह के साथ पड़ोसी गांव में मंढें की दावत खाकर बाइक से घर लौट रहा था। ढवारसी मार्ग पर गांव भीमा सुल्तानपुर के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे टीटू व सनी गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य



केंद्र में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान टीटू आयु 23 वर्ष की मौत हो गई। मृतक टीटू तीन भाई बहनों में सबसे बड़ा था। वह घर में अकेला कमाने वाला था तथा मेहनत मजदूरी घर परिवार का पालन पोषण करता था। टीटू की मौत से परिवार में को. हराम मचा हुआ है। घायल सनी को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

# खून की धब्बों से खुला मासूम से दरिंदगी का राज

## पंचायत से मामला दबाने की कोशिश नाकाम, मजदूर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। नगर के एक मोहल्ले किराये के मकान में रहने वाले एक मजदूर पर दूसरे किरायेदार की चार साल की मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी करने का आरोप लगा है। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब बच्ची रोते हुए मां के पास पहुंची और मां ने मासूम के कपड़ों पर खून के धब्बे देखे। मामला सामने आते ही पूरे मोहल्ले में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

नगर के एक मोहल्ले में किराए के मकान में मासूम बच्ची का



परिवार और आरोपी दोनों एक ही मकान की छत के नीचे रहते थे। मंगलवार दोपहर मासूम बच्ची रोती-बिलखती अपनी मां के पास पहुंची। मां ने जब उसकी पजामी पर खून के धब्बे देखे तो उसके होश उड़ गए। मां ने तुरंत बच्ची से पूछा तो उसने पड़ोस में रहने वाले मजदूर पर गलत हरकत करने का आरोप लगाया। घटना के बाद बच्ची काफी सहमी हुई थी और कुछ भी ठीक से बात नहीं पा रही थी। घटना की भनक लगते ही मोहल्ले में सनसनी फैल गई और आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। चर्चा थी कि बदनामी के डर से शुरुआत में कुछ लोग पंचायत के जरिए मामले को दबाने की कोशिश में लग गए थे। लेकिन मोहल्ले के कुछ जागरूक लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और पूरे मामले की जानकारी ली। इसके बाद देर रात मासूम की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी धर्मपाल पुत्र मोहन को शेरपुर रोड स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं मासूम बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जिस व्यक्ति के साथ एक ही छत के नीचे परिवार रह रहा था, उसी पर इस तरह का आरोप लगना बेहद शर्मनाक और चिंताजनक है। लोगों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# पैसे मांगने पर दरोगा ने जूस विक्रेता को पीटा

## व्यापारी नेता ने की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। जूस के पैसे मांगने पर आपा खो बैठे दरोगा ने जूस विक्रेता की जमकर पिटाई कर दी। दरोगा के खिलाफ कार्रवाई न होने पर व्यापारी नेता ने धरने देने की चेतावनी दी है।

योगी सरकार में खादी बेलगाम हो चुकी है। दरोगा ने वर्दी का रोब गांठने हुए जूस विक्रेता की जमकर पिटाई कर दी। नगर के अतरासी बस स्टैंड चौराहा पर गरीब युवक की जूस की दुकान है। बताया जाता है कि एक दरोगा जूस लेने आया था। जब युवक ने पैसे मांगे तो दरोगा बिगड़ गया। गुस्साये दरोगा ने जूस विक्रेता को पीटना शुरू कर दिया। वर्दी के नशे में धुत दरोगा ने दो होमगार्ड बुलाकर अपनी कार में दुकान पर रखे नारियलों को रखवा लिया। उसके बाद दरोगा जी वहां से गरीब जूस विक्रेता को पीटने के बाद वहां से निकल गये। दरोगा द्वारा वर्दी की दिखाई गई हनक की नगर में चारों ओर चर्चा की जा रही है। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना की फुटेज कैद हो गई। किसी ने सीसीटीवी फुटेज लेने के बाद सोशल मीडिया पर उसे वायरल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता कोतवाली पहुंच गये। मुकेश गुप्ता ने बताया यदि दरोगा के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वह धरना प्रदर्शन करेंगे।

# शराब सेल्समैन पर किया जानलेवा हमला

## एसपी ने किया मौका मुआयना, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। शराब सेल्समैन पर युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने मौका मुवायना किया। पुलिस ने कई धाराओं में आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

नगर के मोहल्ला होली वाला निवासी भरत कुमार पुत्र भूकन सरन करन खाल स्थित विवेक गुप्ता की देसी शराब की दुकान पर सेल्समैन है। मंगलवार की रात करीब 9:30 बजे सेल्समेन दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहा था। पूठ मार्ग पर कच्ची पुलिया के समीप जैसे ही सेल्समैन पहुंचा वहां पहले से ही घात लगा कर बैठे 2 से 3 अज्ञात हमलावरों ने उसे रोक लिया तथा उस पर लाठी डंडों से ताबड़तोड़ वार करते हुए उसे अधमरा करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गये। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल भरत कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उसकी गम्भीर हालत देखकर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही सीओ पंकज कुमार त्यागी अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश कुमार भदोरिया भी मौके पर पहुंच गये। कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया अज्ञात हमलावरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि भरत कुमार की हालत चिंता जनक बनी हुई है।

# ट्यूबवैल से पानी लेने को दो पक्षों में मारपीट

## कोर्ट के आदेश पर ही परिवार के नौ पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। पतेई खालसा में ट्यूबवेल के पानी को लेकर विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। कोर्ट के आद. ेश पर अब मामले में एक ही परिवार के नौ लोगों के खिलाफ परिपोर्ट दर्ज की गई है।

गांव निवासी बदन सिंह की बेटी हिन्द कौर का आरोप है कि बीती 30 नवंबर की सुबह लगभग 9:45 बजे वह अपने भाइयों के साथ खेत पर काम कर रही थी। उसी दौरान गांव मझरा पतेई निवासी आकाश, अमित, जसराम, विक्की, अजय, यशवीर व उसकी दो बेटी और भोला उर्फ चन्द्रहास वहां पहुंच गए। आरोपियों ने ट्यूबवेल के पानी को लेकर विवाद शुरू कर दिया। विरोध करने पर सभी लोग फावड़ा, गंडासा और लाठी-डंडे लेकर ट्यूबवेल के कमरे में घुस आए और हिन्द कौर के भाई न्याय सिंह व राष्ट्रीय सिंह पर हमला कर दिया। आरोपियों ने लात-घूंसों और डंडों से मारपीट कर उघायल कर दिया और बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। आरोप है कि मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने कोर्ट के आदेश पर नौ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# अमरोहा में दस केन्द्रों पर सम्पन्न होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

## नकलविहिन परीक्षा को लेकर प्रशासन सख्त, कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम-एसपी ने ली बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। 14 व 15 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा में जनपद के 10 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 18 हजार 240 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक होगी। परीक्षा की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और नकलविहीन तरीके से संपन्न कराया जाए। परीक्षा केन्द्रों पर पुरुष व महिला अभ्यर्थियों की जांच के लिए अलग-अलग स्टाफ तैनात किया जाए तथा सभी कार्मिक अपने फोटोयुक्त पहचान पत्र प्रदर्शित करें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और यातायात व्यवस्था भी सुदृढ़ की गई है, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जनपद में परीक्षा के लिए ए0के0के0 इंटर कॉलेज,




भगवत सरन इंटर कॉलेज, राजकीय बालि. का इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, आईएम इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू महाविद्यालय ब्लॉक-ए, जेएस हिंदू महाविद्यालय ब्लॉक-बी, कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज और सिख इंटर कॉलेज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। बैठक में अपर जिला मजिस्ट्रेट गरिमा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया मौजूद रहे।

### परीक्षा में इलैक्ट्रॉनिक गैजेट होगा प्रतिबंधित

**अमरोहा**। पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र के अंदर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ले जाने की अनुमति नहीं होगी। प्रशासन के अनुसार मोबाइल फोन, यूएसबी ड्राइव, कैमरा, घड़ी (वॉच), ब्लूटूथ डिवाइस, डिजिटल पेन, हेल्थ बैंड, चाबियां सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। अभ्यर्थियों को केवल पेन, प्रवेश पत्र और वैध पहचान पत्र के साथ ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा।

# दो दिन शहर में दाखिल नहीं होंगे बड़े वाहन

## पुलिस भर्ती पुलिस को लेकर रूट डायवर्जन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। 14 व 15 मार्च को आयोजित होने वाली नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन ने शहर में ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया है। परीक्षा के दौरान अमरोहा से मुरादाबाद, नौगांवा, दिल्ली व जोया जाने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

जारी ट्रैफिक एडवाइजरी के अनुसार कई मार्गों से वाहनों को बाईपास और वैकल्पिक रास्तों से गुजारा जाएगा। साथ ही ई-रिक्शा और ऑटो को नन्दन स्वीट्स से गांधी मूर्ति की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों के वाहनों की पार्किंग के लिए भी अलग-अलग स्थान तय किए गए हैं। जीआईसी कॉलेज के लिए टीपी नगर पुल के नीचे, कुन्दन इंटर कॉलेज में स्कूल परिसर, जीआईसी कॉलेज के लिए रेलवे माल गोदाम मैदान तथा आईएम इंटर कॉलेज व जेएस हिन्दू डिग्री, इंटर कॉलेज के लिए रामल. ीला ग्राउंड में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने बताया कि नौगांवा रोड पर रीगल 77 होटल तक भारी मालवाहक वाहन व ट्रैक्टर-ट्रॉली पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। साथ ही नागरिकों से परीक्षा के दौरान बाहरी मार्गों का उपयोग करने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई है।

## कार की चपेट में आकर बालक की मौत

**गजरौला**। कार बैक करते समय एक आठ वर्षीय बालक चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई। इधर दोनों पक्षों में फैसला होने के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर नहीं दी और शव को सुपुर्द खाक कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव में एक स्कार्पियो कार बैक हो रही थी। इसी बीच एक आठ वर्षीय बालक कार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए एक स्थानीय निजी अस्पताल में ले गए, यहां पर चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए उसे हॉयर सेंटर रेफर कर दिया। जहां पर उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में चीत्कार मच गई। इधर दोनों पक्षों में फैसला होने के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर नहीं दी और शव को सुपुर्द खाक कर दिया।

# सचिव से की अभद्रता, सरकारी अभिलेख भी फाड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थी के आवास की जियोटैग कराने गए ग्राम पंचायत सचिव के साथ लाभार्थी के भाई ने अपने दो पुत्रों के साथ अभद्रता करते हुए सरकारी अभिलेख फाड़ दिए और जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। विरोध करने पर छेड़छाड़ के केस में फंसाने की धमकी देने लगे। पंचायत सचिव ने वहां से निकलकर बीडीओ को घटना से अवगत कराया। जानकारी के अनुसार राजपाल सिंह पंचायत ग्राम पंचायत सचिव हैं। बुधवार को वे ग्राम पंचायत बसैली में मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थी भूरे खां के घर पर जियाटैग कराने गए थे। आरोप है कि लाभार्थी तौसीफ के भाई कलुवा ने अपने दो पुत्रों के साथ मिलकर राजपाल सिंह के साथ अभद्रता की। सरकारी अभिलेख फाड़ दिए तो वहीं जातिसूचक शब्दों से भी अपमानित किया। राजपाल सिंह ने विरोध किया तो कलुवा ने छेड़छाड़ के केस में फंसाने की धमकी दी। किसी तरह से यहां से निकलकर राजपाल सिंह ने खण्ड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल को पूरे मामले से अवगत कराया। अब बीडीओ ने थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई कराने की मांग की है, साथ ही एडीओ पंचायत को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# हजरत अली की शहादत पर शबीहे ताबूत बरामद

## अजाखानों में हुई मजलिसें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शहर में कई स्थानों पर दामाद-ए-रसूल हजरत अली की शहादत पर मजलिसों का सिलसिला चला। सेहरी के बाद गमगीन माहौल में जगह-जगह शबीह-ए-ताबूत बरामद हुए। शहादत का वाकया सुनकर लोगों की आंखें नम हो गईं। फिजा में रातभर या अली-या अली सदाओं की गूंज आती रही।

देर रात नगर के मोहल्ला शफातपोता स्थित इमाम बारगाह हुसैनिया में मौलाना डॉ. सैयद अहसन अख्तर सरोश ने मजलिस को संबोधित किया। शहादत का बयान सुनकर मजलिस में या अली-या अली की सदाएं बुलंद होने लगी। जुलूस में अंजुमन बनी हाशिम ने नौहा पढ़ा। वहीं, नमाज फज्र के बाद से ही मस्जिदों और इमाम बारगाहों में मजलिस और ताबूत की जियारत का सिलसिला शुरू हो गया। मोहल्ला दानिशमंदान स्थित मस्जिद काजी सैय्यद मोहम्मद फैयाज में मौलाना अजहर अब्बास ने शहादत बयान की और शबिहे ताबूत का जुलूस बरामद हुआ। जो इमाम बारगाह वजीर-उन-निसा पहुंचकर संपन्न हुआ। मोहल्ला लकड़ा की मस्जिद में मौलाना कामरान ने हजरत अली की जिंदगी पर रोशनी डालते हुए कहा की मौला अली के बताए रास्ते पर चलने



से जिंदगी खुशगवार बन जायेगी। मजलिस बाद शबिहे ताबूत का जुलूस निकला गया जो इमाम बाड़े में जाकर समाप्त हुआ मोहल्ला मजापोता और जाफरी स्थित इमाम बारगाह में भी हजरत अली का ताबूत निकाला गया। मोहल्ला कटकुई, गुजरी, कघजी गली, हकघ्कानी, सट्टी, छेवड़ा, मंडी चौब, कघजी जादा, बगला, काली पगड़ी, कठरा आदि में मजलिस का दोर चला। उलेमाओं ने हजरत अली की जिंदगी और उनकी तालीमात पर रोशनी डालते हुए शहादत का बयान पेश किया। वहीं, इफ्तार के बाद घरों में शुरू हुआ नजर का सिलसिला और महिलाओं ने भी मजलिस का आयोजन किया। अंजुमन रजा कराने हुसैनी के जनरल सेक्रेटरी खुर्शीद हैदर जैदी समीत सभी जुलूस के आयोजक मुजाहिद अब्बास नकघ्वी , अखघ्तर अब्बास अप्पू, जावेद हैदर, नईम रजा व सक्लेंन तकघे ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## साधु बनकर आये ठग दस हजार लेकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता, रहरा**। गांव छपना में स्थित एक ईंट भट्ठे पर मुंशी के साथ साधु बनकर आए लोगों ने कथित रूप से गंगाजल छिड़ककर उसे बेहोश कर दिया और नकदी लेकर फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव फूलपुर निवासी मनोज शर्मा गांव छपना में स्थित एक ईंट भट्ठे पर मुंशी का काम संभालते हैं। पीड़ित मनोज शर्मा ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब 12 बजे एक ऑटो कार में सवार होकर चार से पांच साधु-संत भट्ठे पर पहुंचे। उन्होंने खुद को तांत्रिक विद्या जानने वाला बताते हुए मनोज शर्मा से बातचीत शुरू कर दी। पीड़ित के मुताबिक साधुओं ने अचानक उसके ऊपर गंगाजल छिड़क दिया। गंगाजल छिड़कते ही वह बेहोश होकर गिर पड़ा। कुछ समय बाद जब उसे होश आया तो उसने देखा कि उसकी जेब में रखे करीब 10 हजार रुपये गायब थे।

## महिलाओं की शिकायतों का निस्तारण करें



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को ध्यान पूर्व सुन उनका तत्काल निस्तारण कराने का निर्देश दिया। विकास भवन सभागार में महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने हेतु महिलाओं के लाभार्थ हेतु जनसुनवाई कार्यक्रम हुआ। जिसमें 12 महिलाओं द्वारा अपनी समस्याओं को रखा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि साथ ही उनके द्वारा कहा गया की घरेलू हिंसा से संबंधित जितने भी प्रकरण लंबित हैं ऐसे प्रकरणों में सर्वप्रथम दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी वार्ता वन स्टाफ केंद्र एवं संबंधित महिला थाना पर कराई जाए। समीक्षा बैठक में राकेश सिंह, श्रीमती अंजली कटारिया, सीओ ज्ञान प्रकाश तिवारी, मीनाक्षी गुप्ता समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

